Total number of printed pages–7

14 (HIN–2) 2045

2022

HINDI

Paper : HIN–2045

(Hindi kā Nātak Sāhitya)

(हिन्दी का नाटक साहित्य)

Full Marks : 64

Time : Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. सही विकल्प का चयन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) गोबर्धनदास को पकड़कर ले जाया गया, क्योंकि

(i) उसने अपने गुरु का कहना नहीं माना

(ii) वह भीख माँगकर मिठाई खा रहा था

(iii) किसी न किसी को फाँसी लगनी ही थी

(iv) उस मुहूर्त में मरने वाला सीधे स्वर्ग जाता

Contd.

(ख) महंत ने वह नगर छोड़कर जाने का निर्णय लिया –

(i) सभी वस्तु टके सेर मिलने के कारण

(ii) पुलिस द्वारा रिश्वत लेने के कारण

(iii) गोबर्धनदास द्वारा निन्दा के कारण

(iv) भावी संकट की आशंका के कारण

(ग) कल्याणी के पिता कौन है ?

(i) नन्द

(ii) चाणक्य

(iii) राक्षस

(iv) सिल्यूकस

(घ) चन्द्रगुप्त के बालमित्र है –

(i) कल्याणी

(ii) कार्नेलिया

(iii) मालविका

(iv) सुवासिनी

(ङ) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा.....' – चन्द्रगुप्त नाटक के इस गीत के गायक हैं –

(i) कार्नेलिया

(ii) अलका

(iii) कार्नेलिया और चंद्रगुप्त

(iv) अलका और सिंहरण

(च) 'आधे-अधूरे' नाटक का शीर्षक किस पात्र द्वारा चरितार्थ होता है ?

(i) महेन्द्रनाथ

(ii) सिंघानिया

(iii) जुनेजा

(iv) अशोक

(छ) 'बड़ी लड़की बिन्नी के पति का नाम है –

(i) जगमोहन

(ii) सिंधानिया

(iii) मनोज

(iv) जुनेजा

(ज) बिन्नी का उपनी ससुराल से बार-बार वापस आने का कारण है –

(i) पति का दुर्व्यवहार

(ii) ससुराल में कलहपूर्ण वातावरण

(iii) दहेज की मांग पूरी न कर पाना

(iv) अपने घर के दूषित माहौल से अलग न हो पाना

(झ) 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक का प्रकाशन हुआ था –

(i) 1933 ई॰

(ii) 1963 ई॰

(iii) 1972 ई॰

(iv) 1981 ई॰

(ञ) 'दूरियाँ' फिल्म की कहानी के लिए डॉ॰ शंकर शेष को

(i) आशीर्वाद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(ii) साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(iii) ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(iv) फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×7=14

(क) 'अंधेर नगरी' नाटक का उद्देश्य क्या है ?

(ख) "चना हाकिम सब को खाते, सब पर दूना टिकस लगाते।" – कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) "लूट के लोभ से हत्या व्यवसायियों को एकत्र करके उन्हें वीर सेना कहना, रणकला का उपहास करना है। –किसने, किससे और किस अवसर पर ऐसा कहा ?

(घ) "एक बात समझ लो, चाणक्य सिद्धि देखता है, साधना चाहे कैसी ही हो।" – कथन में अन्तर्हित नीति का खुलासा कीजिए।

(ङ) महेन्द्रनाथ के जीवन में सावित्री तथा जुनेजा के प्रभाव का उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(च) माँ के पुरुष मित्रों के आने से लड़का (अशोक) क्यों घर में नहीं रहता ?

(छ) विमलेन्दु और अरविन्द के चरित्र में दो अन्तर स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) 'अंधेर नगरी' नाटक की भाषा तत्कालीन वातावरण को सजीव रूप में प्रस्तुत करने में सक्षम है।' इस कथन के आधार पर 'अंधेर नगरी' नाटक की भाषा पर टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(ख) आदर्श एवं मर्यादाशील नारी के रूप में कल्याणी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) 'महेन्द्रनाथ पूरे आदमी का एक-चौथाई भी नहीं है।' — इस कथन के आलोक में महेन्द्रनाथ की चारित्रिक दुर्बलताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक के आधार पर वर्तमान युग के शिक्षकों की स्थिति पर आलोकपात कीजिए।

4. ***किसी एक*** अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

(क) आर्यावर्त का भविष्य लिखने के लिए कुचक्र और प्रताड़ना की लेखनी और मसि प्रस्तुत हो रही है। उत्तरापथ के खण्ड राज्य द्वेष से जर्जर है। शीघ्र भयानक विस्फोट होगा।

(ख) मैं जानना चाहता हूँ कि मेरी क्या यही हैसियत है इस घर में कि जो जब जिस वजह से जो भी कह दे, मैं चुपचाप सुन लिया करूँ। हर वक्त की दुतकार, हर वक्त की कोंच, बस यही कमाई है यहाँ मेरी, इतने सालों की।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) ''भारतेन्दु ने 'अंधेर नगरी' नाटक के माध्यम से अपने समय की शासन-व्यवस्था पर करारा व्यंग किया है।'' स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'चन्द्रगुप्त' नाटक की अभिनेयता की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'आधे-अधूरे' नाटक मध्यवर्गीय विसंगतिपूर्ण जीवन की सशक्त अभिव्यक्ति है।'' इस कथन के आधार पर नाटक की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक में अभिव्यक्त सामाजिक यथार्थ पर आलोकपात कीजिए।